| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| | 1-4-25 | 4 | 1 |

# THE TIMES OF INDIA

## HAU student to pursue PhD in Japan

TIMES NEWS NETWORK

**Hisar:** Rajbala Yadav, a student from the microbiology department, College of Basic Sciences and Humanities, Chaudhary Charan Singh Haryana Agricultural University (CCS HAU), Hisar, was selected for a PhD programme at Tokyo University of Agriculture, Japan. The university will cover all her expenses, including tuition, living costs, and a scholarship. Hailing from Rewari district, Rajbala credited her success to her parents and teachers.

Her father, Satbir Singh, is a govt employee, while her mother, Poonam, is a homemaker. Rajbala was admitted under the Special Exchange Student Programme, part of an agreement between HAU and Tokyo University of Agriculture. She is the first PhD student to be selected under this initiative.

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय,
हिसार, लोक संपर्क कार्यालय


| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
| --- | --- | --- | --- |
| The Savera Times | 01.04.25 | -- | -- |

# HKU student Rajbala selected for PhD at Tokyo University

## Tokyo University to cover all expenses for Rajbala's PhD in microbiology

@ The Savera Times Network

**Hisar:** Rajbala Yadav, a student from the Department of Microbiology at Chaudhary Charan Singh Haryana Agricultural University (CCSHAU), has been selected for a PhD program at Tokyo University of Agriculture, Japan. This achievement is particularly notable as all her study, scholarship, and living expenses will be fully covered by Tokyo University. Rajbala, a resident of Rewari, Haryana, expressed her gratitude towards her parents, Satbir Singh, a government employee, and Poonam, a homemaker, along with her teachers for their support in her success.



Selected student and officials with Vice Chancellor Prof. B.R. Kamboj

She is the first student to be admitted under a Special Exchange Student Program between CCSHAU and Tokyo University. During her PhD, Rajbala will work in the Microbiology Laboratory with Dr. Uchino, focusing on the diversity and quality of bacteria in fermented food. She previously completed her postgraduate studies under the guidance of Assistant Scientist Dr. Ajay Jangra in the Department of Microbiology.

The Vice Chancellor of CCSHAU, Prof. B.R. Kamboj, congratulated Rajbala on her selection, highlighting that the university is renowned worldwide. Many of its students go abroad for higher studies, while students from abroad also study there. On the occasion, CCSHAU's Dean Dr. Rajesh Gera, In-charge of the International Cell Dr. Asha Kwatra, and Assistant Scientist Dr. Anuj Rana were also present to extend their congratulations.

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अमर उजाला | 1-5-25 | 2 | 6-8 |

# एचएयू की राजबाला अब जापान में करेगी पीएचडी

## पीएचडी का सारा खर्च टोक्यो यूनिवर्सिटी करेगी वहन, वीसी ने दी बधाई

संवाद न्यूज एजेंसी



जापान में पीएचडी के लिए चयनित छात्रा राजबाला के साथ कुलपति व अन्य। स्रोत : संस्थान

**हिसार।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के सूक्ष्म जीव विज्ञान विभाग की छात्रा राजबाला यादव का जापान स्थित टोक्यो यूनिवर्सिटी ऑफ एग्रीकल्चर में पीएचडी के लिए चयन हुआ है। पीएचडी का सारा खर्च टोक्यो यूनिवर्सिटी द्वारा वहन किया जाएगा।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर कांबोज ने बताया कि विश्वविद्यालय के अनेक विद्यार्थी न केवल विदेशों में पढ़ाई के लिए जाते हैं बल्कि विदेशों से भी अनेक छात्र यहां पर शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। राजबाला ने बताया कि वे रेवाड़ी (हरियाणा) की रहने वाली हैं। उनके पिता सतबीर सिंह सरकारी कर्मचारी हैं। उनकी माता पूनम एक गृहिणी हैं। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अभिभावकों व शिक्षकों को दिया।

राजबाला यादव का दाखिला पीएचडी के लिए हकृवि और टोक्यो यूनिवर्सिटी ऑफ एग्रीकल्चर, जापान के बीच हुए समझौते में स्पेशल एक्सचेंज स्टूडेंट प्रोग्राम के तहत हुआ है। वह पीएचडी की पहली छात्रा है जिसका इस प्रोग्राम के अंतर्गत चयन हुआ है। राजबाला टोक्यो यूनिवर्सिटी के परिसर माइक्रोबायोलॉजी प्रयोगशाला में डॉ. उचीनो के साथ फरमंटिड फूड में जीवाणुओं की विविधता और गुणवत्ता विषय पर काम करेगी। छात्रा ने अपनी स्नातकोत्तर की पढ़ाई सूक्ष्म जीव विज्ञान विभाग में सहायक वैज्ञानिक डॉ. अजय जांगड़ा के मार्गदर्शन में की है।

इस अवसर पर मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. राजेश गेरा, डॉ. आशा क्वात्रा व सहायक वैज्ञानिक डॉ. अनुज राणा उपस्थित रहे।

**चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय**

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पंजाब केसरी | 1-4-25 | 2 | 2-4 |

# हकृवि की छात्रा राजबाला का जापान में पी.एच.डी. के लिए हुआ चयन

हिसार, 31 मार्च (ब्यूरो): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के सूक्ष्म जीव विज्ञान विभाग की छात्रा राजबाला यादव का टोक्यो यूनिवर्सिटी ऑफ एग्रीकल्चर, जापान में पीएचडी के लिए चयन हुआ है। इस दौरान सारा खर्च टोक्यो यूनिवर्सिटी जापान द्वारा वहन किया जाएगा।



कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज के साथ चयनित छात्रा व अधिकारी

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने छात्रा को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। कुलपति ने बताया कि चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय विश्व स्तर के विश्वविद्यालयों में शुमार है। विश्वविद्यालय के अनेक विद्यार्थी न केवल विदेशों में पढ़ाई के लिए जाते हैं बल्कि विदेशों से भी अनेक छात्र यहां पर शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं।


राजबाला ने बताया कि वह रेवाड़ी (हरियाणा) की रहने वाली है। उनके पिता सतबीर सिंह सरकारी कर्मचारी हैं। उनकी माता पूनम एक गृहणी है। राजबाला ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता व शिक्षकों को दिया है। राजबाला यादव का दाखिला पीएचडी के लिए हकृवि और टोक्यो यूनिवर्सिटी ऑफ एग्रीकल्चर, जापान के बीच हुए समझौते में स्पेशल एक्सचेंज स्टूडेंट प्रोग्राम के तहत हुआ है। राजबाला पी.एच.डी. की पहली छात्रा है जिसका इस प्रोग्राम के अंतर्गत चयन हुआ है। पी.एच.डी. के दौरान पढ़ाई व रहने का शुल्क टोक्यो यूनिवर्सिटी आफ एग्रीकल्चर, जापान द्वारा वहन किया जाएगा तथा छात्रवृत्ति भी दी जाएगी। राजबाला टोक्यो यूनिवर्सिटी के परिसर माइक्रोबायोलॉजी प्रयोगशाला में डॉ. उचीनों के साथ फरमंटिड फूड में जीवाणुओं की विविधता और गुणवत्ता पर काम करेंगी।

छात्रा ने अपनी स्नातकोत्तर की पढ़ाई सूक्ष्म जीव विज्ञान विभाग में सहायक वैज्ञानिक डॉ. अजय जांगड़ा के मार्गदर्शन में की है। इस अवसर पर मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. राजेश गेरा, अंतरराष्ट्रीय सैल की प्रभारी डॉ. आशा क्वात्रा व सहायक वैज्ञानिक डॉ. अनुज राणा उपस्थित रहे।

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अजीत समाचार | 1-4-25 | | |

# हकृवि की छात्रा राजबाला का जापान में पीएचडी के लिए हुआ चयन

हिसार, 31 मार्च (विरेन्द्र वर्मा): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के सूक्ष्म जीव विज्ञान विभाग की छात्रा राजबाला यादव का टोक्यो यूनिवर्सिटी ऑफ एग्रीकल्चर, जापान में पीएचडी के लिए चयन हुआ है। इस दौरान सारा खर्च टोक्यो यूनिवर्सिटी जापान द्वारा वहन किया जाएगा। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने छात्रा को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। कुलपति ने बताया कि चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय विश्व स्तर के विश्वविद्यालयों में शुमार है। विश्वविद्यालय के अनेक विद्यार्थी न केवल विदेशों में पढ़ाई के लिए जाते हैं बल्कि विदेशों से भी अनेक छात्र यहां पर शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। राजबाला ने बताया कि वह रेवाड़ी (हरियाणा) की रहने वाली है। उनके पिता सतबीर सिंह सरकारी कर्मचारी हैं। उनकी माता पूनम एक ग्रहणी है। राजबाला ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता व शिक्षकों को दिया है। राजबाला यादव का दाखिला पीएचडी के लिए हकृवि और टोक्यो यूनिवर्सिटी ऑफ एग्रीकल्चर, जापान के बीच हुए समझौते में स्पेशल एक्सचेंज स्टूडेंट प्रोग्राम के तहत हुआ है। राजबाला पीएचडी की पहली छात्रा है जिसका इस प्रोग्राम के अंतर्गत चयन हुआ है। पीएचडी के दौरान पढ़ाई व रहने का शुल्क टोक्यो यूनिवर्सिटी आफ एग्रीकल्चर, जापान द्वारा वहन किया जाएगा तथा छात्रवृत्ति भी दी जाएगी। राजबाला टोक्यो यूनिवर्सिटी के परिसर माइक्रोबायोलॉजी प्रयोगशाला में डॉ उचीनों के साथ फरमंटिड फूड में जीवाणुओं की विविधता और गुणवत्ता पर काम करेंगी। छात्रा ने अपनी स्नातकोत्तर की पढ़ाई सूक्ष्म जीव विज्ञान विभाग में सहायक वैज्ञानिक डॉ. अजय जांगड़ा के मार्गदर्शन में की है। इस अवसर पर मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. राजेश गेरा, अंतरराष्ट्रीय सैल की प्रभारी डॉ. आशा क्वात्रा व सहायक वैज्ञानिक डॉ. अनुज राणा उपस्थित रहे।



कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज के साथ चयनित छात्रा व अधिकारी।


# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक भास्कर | 1-4-25 | 4 | 6-8 |


# स्पेशल एक्सचेंज स्टूडेंट प्रोग्राम, एचएयू की छात्रा का जापान में पीएचडी के लिए चयन

## पढ़ाई, छात्रवृत्ति और रहने का शुल्क टोक्यो यूनिवर्सिटी करेगी वहन

भास्कर न्यूज | हिसार



एचएयू कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज के साथ चयनित छात्रा व अधिकारी।

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के सूक्ष्म जीव विज्ञान विभाग की छात्रा राजबाला यादव का टोक्यो यूनिवर्सिटी ऑफ एग्रीकल्चर, जापान में पीएचडी के लिए चयन हुआ है। इस दौरान सारा खर्च टोक्यो यूनिवर्सिटी जापान द्वारा वहन किया जाएगा। एचएयू वीसी प्रो. बीआर काम्बोज ने छात्रा को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। राजबाला ने बताया कि वह रेवाड़ी की रहने वाली है। उनके पिता सतबीर सिंह सरकारी कर्मचारी हैं। माता पूनम एक गृहिणी है। राजबाला का दाखिला पीएचडी के लिए एचएयू और टोक्यो यूनिवर्सिटी ऑफ एग्रीकल्चर, जापान के बीच हुए समझौते में स्पेशल एक्सचेंज स्टूडेंट प्रोग्राम के तहत हुआ है। राजबाला पीएचडी की पहली छात्रा है जिसका इस प्रोग्राम के अंतर्गत चयन हुआ है। इस दौरान पढ़ाई व रहने का शुल्क टोक्यो यूनिवर्सिटी आफ एग्रीकल्चर, जापान द्वारा वहन किया जाएगा तथा छात्रवृत्ति भी दी जाएगी। राजबाला टोक्यो यूनिवर्सिटी की माइक्रोबायोलॉजी प्रयोगशाला में डॉ. उचीनों के साथ फरमंटिड फूड में जीवाणुओं की विविधता और गुणवत्ता पर काम करेंगी। छात्रा ने स्नातकोत्तर की पढ़ाई सूक्ष्म जीव विज्ञान विभाग में सहायक वैज्ञानिक डॉ. अजय जांगड़ा के मार्गदर्शन में की है। इस मौके पर मौलिक विज्ञान एवं मानविकी कॉलेज के डीएन डॉ. राजेश गेरा, अंतरराष्ट्रीय सैल की प्रभारी डॉ. आशा क्वात्रा व सहायक वैज्ञानिक डॉ. अनुज राणा मौजूद रहे।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक सवेरा | 01.04.25 | -- | -- |

# हकृवि की छात्रा राजबाला का जापान में पीएचडी के लिए हुआ चयन

- पढ़ाई, छात्रवृति व रहने का शुल्क टोक्यो यूनिवर्सिटी द्वारा वहन किया जाएगा

सवेरा न्यूज/सुरेंद्र सोढी


हिसार, 31 मार्च : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के सूक्ष्म जीव विज्ञान विभाग की छात्रा राजबाला यादव का टोक्यो यूनिवर्सिटी ऑफ एग्रीकल्चर, जापान में पीएचडी के लिए चयन हुआ है। इस दौरान सारा खर्च टोक्यो यूनिवर्सिटी जापान द्वारा वहन किया जाएगा। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने छात्रा को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। कुलपति ने बताया कि चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय विश्व स्तर के विश्वविद्यालयों में शुमार है। विश्वविद्यालय के अनेक विद्यार्थी न केवल विदेशों में पढ़ाई के लिए जाते हैं बल्कि विदेशों से भी अनेक छात्र यहां पर शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। राजबाला ने बताया कि वह रेवाड़ी (हरियाणा) की रहने वाली है। उनके पिता सतबीर सिंह सरकारी कर्मचारी हैं। उनकी माता पूनम एक ग्रहणी है। राजबाला ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता व शिक्षकों को दिया है। राजबाला यादव का दाखिला पीएचडी के लिए हकृवि और टोक्यो यूनिवर्सिटी ऑफ एग्रीकल्चर, जापान के बीच हुए समझौते में स्पेशल एक्सचेंज स्टूडेंट प्रोग्राम के तहत हुआ है। इस अवसर पर मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. राजेश गेरा, अंतरराष्ट्रीय सैल की प्रभारी डॉ. आशा क्वात्रा व सहायक वैज्ञानिक डॉ. अनुज राणा उपस्थित रहे।


कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज के साथ चयनित छात्रा व अधिकारी।

| | |
|---|---|
| | **चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय** |

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| सिटी पल्स न्यूज | 31.03.25 | -- | -- |

# हकृवि की छात्रा राजबाला का जापान में पीएचडी के लिए हुआ चयन




**सिटी पल्स न्यूज, हिसार।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के सूक्ष्म जीव विज्ञान विभाग की छात्रा राजबाला यादव का टोक्यो यूनिवर्सिटी ऑफ एग्रीकल्चर, जापान में पीएचडी के लिए चयन हुआ है। इस दौरान सारा खर्च टोक्यो यूनिवर्सिटी जापान द्वारा वहन किया जाएगा। राजबाला यादव का दाखिला पीएचडी के लिए हकृवि और टोक्यो यूनिवर्सिटी ऑफ एग्रीकल्चर, जापान के बीच हुए समझौते में स्पेशल एक्सचेंज स्टूडेंट प्रोग्राम के तहत हुआ है। राजबाला पीएचडी की पहली छात्रा है जिसका इस प्रोग्राम के अंतर्गत चयन हुआ है। पीएचडी के दौरान पढ़ाई व रहने का शुल्क टोक्यो यूनिवर्सिटी आफ एग्रीकल्चर, जापान द्वारा वहन किया जाएगा तथा छात्रवृत्ति भी दी जाएगी। राजबाला टोक्यो यूनिवर्सिटी के परिसर माइक्रोबायोलॉजी प्रयोगशाला में डॉ उचीनों के साथ फरमंटिड फूड में जीवाणुओं की विविधता और गुणवत्ता पर काम करेंगी। छात्रा ने अपनी स्नातकोत्तर की पढ़ाई सूक्ष्म जीव विज्ञान विभाग में सहायक वैज्ञानिक डॉ. अजय जांगड़ा के मार्गदर्शन में की है।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय,
हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| समस्त हरियाणा न्यूज | 31.03.25 | -- | -- |

# हकृवि की छात्रा राजबाला का जापान में पीएचडी के लिए हुआ चयन



**समस्त हरियाणा न्यूज**

**हिसार।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के सूक्ष्म जीव विज्ञान विभाग की छात्रा राजबाला यादव का टोक्यो यूनिवर्सिटी ऑफ एग्रीकल्चर, जापान में पीएचडी के लिए चयन हुआ है। इस दौरान सारा खर्च टोक्यो यूनिवर्सिटी जापान द्वारा वहन किया जाएगा।

विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने छात्रा को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। कुलपति ने बताया कि चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय विश्व स्तर के विश्वविद्यालयों में शुमार है। विश्वविद्यालय के अनेक विद्यार्थी न केवल विदेशों में पढ़ाई के लिए जाते हैं बल्कि विदेशों से भी अनेक छात्र यहां पर शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। राजबाला ने बताया कि वह रेवाड़ी की रहने वाली है। उनके पिता सतबीर सिंह सरकारी कर्मचारी हैं। उनकी माता पूनम एक ग्रहणी है। राजबाला ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता व शिक्षकों को दिया है। राजबाला यादव का दाखिला पीएचडी के लिए हकृवि और टोक्यो यूनिवर्सिटी ऑफ एग्रीकल्चर, जापान के बीच हुए समझौते में स्पेशल एक्सचेंज स्टूडेंट प्रोग्राम के तहत हुआ है। राजबाला पीएचडी की पहली छात्रा है जिसका इस प्रोग्राम के अंतर्गत चयन हुआ है।

पीएचडी के दौरान पढ़ाई व रहने का शुल्क टोक्यो यूनिवर्सिटी आफ एग्रीकल्चर, जापान द्वारा वहन किया जाएगा तथा छात्रवृत्ति भी दी जाएगी। राजबाला टोक्यो यूनिवर्सिटी के परिसर माइक्रोबायोलॉजी प्रयोगशाला में डॉ उचीनों के साथ फरमंटिड फूड में जीवाणुओं की विविधता और गुणवत्ता पर काम करेंगी। इस अवसर पर मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. राजेश गेरा, अंतरराष्ट्रीय सैल की प्रभारी डॉ. आशा क्वात्रा व सहायक वैज्ञानिक डॉ. अनुज राणा उपस्थित रहे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय


| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
| --- | --- | --- | --- |
| दैनिक भास्कर | 1-4-25 | 3 | 7-8 |

## एचएयू के 3 विद्यार्थियों का एग्जीक्यूटिव पद पर चयन



**हिसार |** एचएयू के छात्र कल्याण निदेशालय की काउंसलिंग एवं प्लेसमेंट सेल के अन्तर्गत प्रदान एनजीओ द्वारा एग्जीक्यूटिव पद पर तीन विद्यार्थियों का चयन हुआ है। कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने कहा कि एचएयू का प्लेसमेंट सेल शिक्षा और उद्योग के बीच समन्वय स्थापित करने, प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने, करियर मार्गदर्शन सत्र आयोजित करने तथा रोजगार क्षमता बढ़ाने के लिए भर्ती अभियान चलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। छात्र कल्याण निदेशक डॉ. मदन खीचड़ ने बताया कि चयनित होने वालों में प्रीति एमबीए, संगीता एमएससी एग्रीकल्चर व हर्ष बीटेक एग्रीकल्चर इंजीनियरिंग के विद्यार्थी हैं। ओएसडी डॉ. अतुल ढींगड़ा, कृषि कॉलेज के अधिष्ठाता डॉ. एसके पाहुजा, स्नातकोत्तर अधिष्ठाता डॉ. केडी शर्मा, मीडिया एडवाइजर डॉ. संदीप आर्य, एसवीसी कपिल अरोड़ा तथा सह- छात्र कल्याण निदेशक डॉ. सुबोध अग्रवाल उपस्थित रहे।

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हरि भूमि | 01.04.25 | -- | -- |



हिसार। कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज के साथ चयनित छात्रा व अधिकारी।

## राजबाला का जापान में पीएचडी के लिए हुआ चयन

हिसार। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के सूक्ष्म जीव विज्ञान विभाग की छात्रा राजबाला यादव का टोक्यो यूनिवर्सिटी ऑफ एग्रीकल्चर, जापान में पीएचडी के लिए चयन हुआ है। इस दौरान सारा खर्च टोक्यो यूनिवर्सिटी जापान द्वारा वहन किया जाएगा। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने छात्रा को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। छात्रा राजबाला ने बताया कि वह रेवाड़ी (हरियाणा) की रहने वाली है। उनके पिता सतबीर सिंह सरकारी कर्मचारी हैं। उनकी माता पूनम एक ग्रहणी है। राजबाला ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता व शिक्षकों को दिया है। राजबाला यादव का दाखिला पीएचडी के लिए हकृवि और टोक्यो यूनिवर्सिटी ऑफ एग्रीकल्चर, जापान के बीच हुए समझौते में स्पेशल एक्सचेंज स्टूडेंट प्रोग्राम के तहत हुआ है। राजबाला पीएचडी की पहली छात्रा है जिसका इस प्रोग्राम के अंतर्गत चयन हुआ है। पीएचडी के दौरान पढ़ाई व रहने का शुल्क टोक्यो यूनिवर्सिटी आफ एग्रीकल्चर, जापान द्वारा वहन किया जाएगा तथा छात्रवृत्ति भी दी जाएगी। राजबाला टोक्यो यूनिवर्सिटी के परिसर माइक्रोबायोलॉजी प्रयोगशाला में डॉ उचीनों के साथ फरमंटिड फूड में जीवाणुओं की विविधता और गुणवत्ता पर काम करेंगी। छात्रा ने अपनी स्नातकोत्तर की पढ़ाई सूक्ष्म जीव विज्ञान विभाग में सहायक वैज्ञानिक डॉ. अजय जांगड़ा के मार्गदर्शन में की है। इस अवसर पर मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. राजेश गेरा, अंतरराष्ट्रीय सैल की प्रभारी डॉ. आशा क्वात्रा व सहायक वैज्ञानिक डॉ. अनुज राणा उपस्थित रहे।